Tital Code : RAJHIN27802

# वागड़ संदेश

जन मन की आवाज

www.wagadsandesh.com

सम्पर्क
ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें
ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com
8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-1 अंक-137 सागवाड़ा, सोमवार, 17 जनवरी, 2022 अवधि: हिन्दी ई-पेपर पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)


## वागड़ सांस्कृतिक केंद्र के लिए 4 करोड़ 88 लाख की वित्तीय स्वीकरति जारी

# सागवाड़ा के श्री राम पार्क में बनेगा वागड़ सांस्कृतिक केंद्र

**सागवाड़ा।**

नगर पालिका सागवाड़ा के अध्यक्ष नरेन्द्र खोडनिया ने बताया कि शहर के विकास को लेकर राज्य सरकार की ओर से पहले सड़कों को लेकर बजट जारी कर दिया गया था वही अब वागड़ सांस्कृतिक केंद्रके लिये भी वित्तीय स्वीकृति जारी कर दी गई है।

पालिकाध्यक्ष खोडनिया ने बताया कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बजट में में सागवाड़ा शहर के लिए वागड़ सांस्कृतिक केंद्र बनाए जाने की घोषणख की थी। मुख्यमंत्री की बजट घोषणा के अनुरूप सागवाड़ा के लोहरिया तालाब के पास श्री राम पार्क में भव्य वागड़ सांस्कृतिक केंद्र मय मेरिज हाल बनाने के लिये पालिका की ओर से जमीन का चयन कर पूरी तैयारी कर ली गई थी। खोडनिया ने बताया कि वागड़ सांस्कृतिक केंद्र लिए राज्य के वित्त विभाग ने



4 करोड़ 88 लाख की स्वीकृति जारी कर दी गई है। अब जल्द ही टेंडर प्रक्रिया कर निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा।पालिका बोर्ड के सभी पार्षदों ने नगर को इस शानदार भेंट के लिए राज्य के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, नगरीय विकास मंत्री शांति धारीवाल, जनजाति मंत्री अर्जुन सिंह बामनिया व निवर्तमान जिला अध्यक्ष दिनेश खोड़निया का आभार व्यक्त किया है।

### अत्याधुनिक बैठक व्यवस्था

नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र खोड़निया ने बताया की श्री राम पार्क में भव्य हाल का निर्माण होगा। जिसमें कार्यक्रम आयोजन के लिए अत्याधुनिक बैठक व्यवस्था होगी। साथ ही म्यूजिक सिस्टम, बारात रुकवाने कमरे, गार्डन, खेल स्थल और 24 घंटे बिजली हेतु जनरेटर सहित कई सुविधा मिलेगी।

# अनियंत्रित क्रूजर ने बाइक व राहगीर को लिया चपेट में, हादसे में पिता-पुत्री सहित 3 लोगो की हुई मौत

## 2 महिलाएं हुई घायल,बिछीवाड़ा थाना क्षेत्र में ओडाबड़ा गांव के पास हुई दुर्घटना

**डूंगरपुर।** जिले के बिछीवाड़ा थाना क्षेत्र में ओडाबड़ा गांव के पास एक अनियंत्रित क्रूजर ने एक बाइक व राहगीर को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में बाइक सवार पिता-पुत्री व राहगीर की मौत हो गई। जबकि बाइक सवार मृतक की पत्नी व साली गंभीर घायल हो गए। पुलिस ने घायलो को जिला अस्पताल में भर्ती करवाया है। डूंगरपुर पुलिस उपाधीक्षक राकेश शर्मा ने बताया कि कोलखण्डा निवासी राकेश परमार अहमदाबाद में मजदूरी करता है। राकेश अपने ससुराल डोलवर से आज अपनी पत्नी जीजा, साली धापू ओर एक वर्षीय बेटी जानवी के साथ बाइक पर अहमदाबाद जाने के लिए निकला था। इस दौरान डूंगरपुर-बिछीवाड़ा मार्ग पर ओडाबड़ा गांव के पास सामने से आ रही एक अनियंत्रित क्रूजर ने पहले सड़क पर चल रहे एक राहगीर को अपनी चपेट में लिया और फिर राकेश की बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में राहगीर ओडाबड़ा निवासी वीरजी पटेल व बाइक सवार राकेश ओर उसकी एक साल की बेटी जानवी की मौत हो गई। जबकि बाइक सवार राकेश की पत्नी जीजा व उसकी साली धापू गंभीर घायल हो गए। इधर हादसे के बाद क्रूजर चालक मौके से फरार हो गया। हादसे के बाद मौके पर लोगो की भीड़ जमा हो गई वही सूचना पर कनबा पुलिस चौकी के हेड कॉन्स्टेबल पोपटलाल व अन्य पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे । जिसके बाद पुलिस ने घायलो को तुरंत जिला अस्पताल में पहुंचाया जहां पर डॉक्टर्स ने उनका उपचार शुरू किया। वही मृतकों के शवो को जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाए।

इधर पुलिस ने अज्ञात क्रूजर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

## कॉलेज छात्रा ने अपने घर में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली

**डूंगरपुर।** जिले के दोवड़ा थाना क्षेत्र के घोड़ी आमली गांव में एक कॉलेज छात्रा ने अपने घर में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद परिवार में मातम का माहौल है। वहीं छात्रा के आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल सका हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है। दोवडा थाना पुलिस के अनुसार घोड़ी आमली गांव निवासी 20 वर्षीय पल्लवी अहारी डूंगरपुर कॉलेज में पढ़ाई करती हैं। रविवार रात को पल्लवी ने अपने परिवार के लोगों के साथ खाना खाया था और उसके बाद सोई गई थी ।

आज सुबह जब परिवार के लोग उठे तो देखा कि पल्लवी ने घर में ही लकड़ी के पाट से रस्सी से फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पल्लवी को लटका देख परिजन घबरा गए और परिजनों ने उसे तुरंत नीचे उतारा और उसे लेकर डूंगरपुर जिला अस्पताल आये। लेकिन जिला अस्पताल में जांच के बाद डॉक्टर्स ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद परिजनों ने मामले की सुचना दोवडा थाना पुलिस को दी। सुचना पर दोवडा थाना पुलिस डूंगरपुर जिला अस्पताल पहुंची जहा पर पुलिस ने शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में शिफ्ट करवाया। पुलिस ने मोर्चरी में आवश्यक कार्रवाई के बाद शव का पोस्टमार्टम करवाया और परिजनों को सुपुर्द किया। फिलहाल आत्म हत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है पुलिस ने परिजनों की रिपोर्ट पर मामला दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है।

## पत्नी के पीहर में रहने से से पति चल रहा था अवसाद में, फांसी लगाकर पति ने की आत्महत्या

**डूंगरपुर।** जिले के रामसागडा थाना क्षेत्र के मानातलाई गांव में एक युवक का शव पेड़ से लटका हुआ मिलने पर गांव में सनसनी फ़ैल गई। बताया जा रहा है की युवक की पत्नी उसे छोड़कर लम्बे समय से पीहर में रह रही थी जिसके चलते वह अवसाद में चल रहा था। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है। रामसागड़ा थानाधिकारी बाबूलाल डामोर ने बताया की मानातलाई गांव निवासी 27 वर्षीय शैलेश खराड़ी मजदूरी का काम करता है। शैलेश की पत्नी दो साल पहले उसे छोड़कर अपने पीहर चली गई तब से वह पीहर में रहती है वही शैलेश के दो बच्चे है जो शैलेश के साथ रहते है। पत्नी के पीहर चले जाने के बाद से शैलेश तनाव में रहता था। बीती रात शैलेश ने अपने बच्चो व परिवार वालों के साथ खाना खाया था और घर मे सोए गया थे। आज सुबह जब शैलेश के बच्चे व परिजन उठे तो देखा की शैलेश घर में बिस्तर पर नहीं था। जिस पर परिजनों ने उसकी तलाश की। इस दौरान शैलेश घर से कुछ दूर एक पेड़ से रस्सी का फंदा लगाकर लटका हुआ मिला। घटना के बाद गांव में सनसनी फैल गई और बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हो गए। ग्रामीणों ने मामले की जानकारी रामसागडा थाना पुलिस को दी। सुचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी लेने के बाद शव को ग्रामीणों की मदद से नीचे उतारा। इसके बाद पुलिस शव को लेकर डूंगरपुर जिला अस्पताल की मोर्चरी लेकर आई। जहा पर पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द किया। वही पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इधर शैलेश द्वारा आत्महत्या किये जाने के बाद से उसके दोनों बच्चो के सिर से पिता का साया उठ गया है।

## बाइक अनियंत्रित होकर फिसलने से सास की मौत, दामाद गंभीर रूप से हुआ घायल

### धंबोला - डूंगरपुर मुख्य मार्ग पर टांडा मोड़ के पास हुई दुर्घटना



**सीमलवाड़ा।** धंबोला थाना क्षेत्र में एक बाइक सड़क हादसे में एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई वहीं उसका जमाई गंभीर रूप से घायल हो गया। सीआई भैयालाल आंजना ने बताया कि रविवार रात को धंबोला - डूंगरपुर मुख्य मार्ग पर टांडा मोड़ के पास बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे होर्डिंग पोल से टकरा गई, हादसे मैं गूदावाडा निवासी गंगा(70) पत्नी बदा खराड़ी की मौत हो गई। उसका जमाई नवला निवासी अशोक पुत्र कांति लाल रोत गंभीर रूप से घायल हो गया। शव को सीमलवाड़ा मोर्चरी में रखवाया वहीं घायल जमाई को जिला अस्पताल रेफर किया। सोमवार सुबह मृतका के बेटे रमेश की रिपोर्ट पर जमाई अशोक के खिलाफ गफलत तरीके से वाहन चलाने एवं दुर्घटना करने का मामला दर्ज किया है। पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू की। मृतका के 6 बेटे व 4 बेटियां है, पति की 3 साल पहले ही मौत हो चुकी है। सीमलवाड़ा सरपंच विजयपाल डोडियार, एएसआई गोविंद सिंह, देवीलाल समेत मौजूद रहे।

## 605 क्विंटल गेहूं गबन के मामले में राशन डीलर गिरफ्तार

**सीमलवाड़ा।** धंबोला पुलिस ने 605 क्विंटल सरकारी गेहूं गबन के मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। धंबोला सीआई भैयालाल आंजना ने बताया कि प्रवर्तन निरीक्षक रसद विभाग भंवराराम ने 11 फरवरी 2021 को एक रिपोर्ट दर्ज कराई थी जिसमें बिलपण निवासी कांतिलाल पुत्र हलिया कलासुआ एवं वीरावड़ा निवासी नारायण लाल पुत्र शंकर लाल मीणा द्वारा उचित मूल्य सेंटर बिलपण में सरकारी राशन वितरण में फर्जीवाड़ा कर 605 क्विंटल गेहूं का गबन का दुरुपयोग किया गया है। प्रकरण दर्ज कर एसपी सुधीर जोशी द्वारा पुराने प्रकरणों का अनुसंधान कर निस्तारण करने निर्देशित किया गया जिसमें एएसपी अनिल मीणा एवं डीवाईएसपी रामेश्वर लाल चौहान के निर्देशन में सीआई भैयालाल आंजना द्वारा टीम गठित की गई जिसमें एसआई बंसी लाल पाटीदार ने उक्त प्रकरण में फरार चल रहे आरोपी कांतिलाल पुत्र हलिया निवासी बिलपन को गिरफ्तार किया है। दूसरे आरोपी की तलाश जारी है।

## चोरो ने पहले दुकान में की चोरी फिर किया आग के हवाले

### कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच की शुरू

**डूंगरपुर।** जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के थाणा गांव में बीती रात चोरो ने एक किराणा की दुकान में चोरी की फिर उसे आग के हवाले करके फरार हो गए। दुकान से चोर 65 हजार की नगदी चुरा ले गए। कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। डूंगरपुर जिले के कोतवाली थाने के सीआई दिलीपदान चारण ने बताया की थाणा गाँव निवासी गणेश हजाराम गमेती की थाणा बस स्टैंड के पास एक केबिन है जिसमे वह किराणा की दुकान चलाता है। बीती रात करीब 2 बजे चोरो ने दुकान का शटर तोडा और दुकान के गल्ले में रखी 65 हजार की राशी चुरा ली। इधर इसके बाद चोरो ने ज्वलंतशील पदार्थ डालकर दुकान में आग लगा दी। इधर दुकान के पास के मकान में रहने वाले व्यक्ति ने दुकान के पास से आवाज आने पर जाकर देखा तो दो युवा दुकान में आग लगा रहे थे। इस दौरान दोनों युवाओ ने उस व्यक्ति को देखा तो दुकान को आग लगाने के बाद दोनों बदमाश युवा फरार हो गए।

## मूकबधिर बच्ची के साथ हुई घटना का विरोध प्रदर्शन

### सीमलवाड़ा में भाजपा ने राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

**सीमलवाड़ा।** राज्य के अलवर जिले में एक मूक-बधिर बच्ची के साथ गैंगरेप की घटना घटित होने के खिलाफ भाजपा मंडल सीमलवाडा एवं पीठ सलारेश्वर ने सयुक्त रूप से विरोध प्रदर्शन कर राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन। सोशल मीडिया संभाग प्रभारी कीर्ति पंड्या ने बताया कि राज्य के अलवर जिले में एक मूक-बधिर बच्ची के साथ घटित गैंगरेप की घटना के विरोध में उपखंड कार्यालय सीमलवाड़ा के बाहर विरोध प्रदर्शन किया गया साथ ही राज्यपाल के नाम तहसीलदार जगदीश चंद्र बामणिया को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में महिलाओं के साथ अत्याचार, दुष्कर्म , गैंगरेप के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं एवं मुक बधिर बच्ची के साथ गैंगरेप के दरिंदों को फांसी की सजा देने, इस तरह की घटना पुनरावृत्ति ना हो उस और विशेष लगाम कसने, कानून व्यवस्था, आमजन की सुरक्षा मजबूत करने की मांग रखी है। साथ ही बताया कि डूंगरपुर जिले में भी कानून व्यवस्था लगातार बिगड़ती जा रही है। चोरी , चैन स्नैचिंग, बाइक चोरी, भगवान मूर्ति को तोड़ना आम बात हो गई है। जिसको समय रहते कानून व्यवस्था सुधारने की मांग



की है । ज्ञापन सौंपते समय जिला महामंत्री नानुराम परमार , भाजयुमो जिला अध्यक्ष कल्पेश भारती, मंडल अध्यक्ष गोवर्धन पाटीदार, महामंत्री दिनेश चंद्र पंड्या, रमेश भगोरा, देवेंद्र सिंह सोलंकी , भूलाराम पटेल, रेणुका भट्ट, ओबीसी मंडल अध्यक्ष देवेंद्र दर्जी ,जयेश वसीटा, रीना यादव , जवाहर लबाना, दिनेश पंड्या ,गटू लाल पाटीदार, अशोक त्रिवेदी, नितिन भट्ट, धनेश्वर पाटीदार कमला शंकर पाटीदार , सुभाष पंड्या ,बद्री लबाना समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सागवाड़ा भाजपा ने किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन



**सागवाड़ा।** अलवर में नाबालिग मूक बधिर बालिका के साथ सामूहिक बलात्कार के विरोध में भाजपा ने सागवाड़ा में भी विरोध जताया। प्रदेश संगठन के निर्देशानुसार और जिला संगठन के आदेशानुसार उपखंड अधिकारी कार्यालय सागवाड़ा के सामने भाजपा नगर मंडल सागवाड़ा, उत्तर मंडल, सिद्धनाथ मंडल एवं ग्रामीण मंडल सागवाडा ने सांसद कनकमल कटारा, किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष हरीश पाटीदार एवं जिला उपाध्यक्ष ताजेंग पाटीदार के नेतृत्व में सामूहिक धरना प्रदर्शन किया।

राजस्थान सरकार की कानूनी व्यवस्था पर नाकामी को उजागर करते हुए राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता पूर्व पालिका अध्यक्ष सत्यनाराण सोनी, पूर्व पालिका उपाध्यक्ष नारायणलाल दर्जी, पूर्व पालिका अध्यक्ष बदामीलाल मेहता,नेता प्रतिपक्ष हरीश सोमपुरा,पूर्व जिला महामंत्री अशोक पटेल, जनजाति मोर्चा जिलाध्यक्ष कांतिलाल डामोर, अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष राजू भाई बर्तनवाला,नगर अध्यक्ष श्याम भट्ट, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष नटवरलाल पटेल, नगर महामंत्री नीरज पंचाल, मांगीलाल डामोर,ग्रामीण मंडल महामंत्री चंदन सिंह चौहान, दलीचंद बुनकर, सिद्धनाथ मंडल महामंत्री लोकेश ननोमा,ओबीसी मोर्चा जिला महामंत्री दिलीप मोड़ पटेल, पूर्व जिला मंत्री नानालाल दर्जी, किसान मोर्चा नगर अध्यक्ष भूपेश पंवार, कल्याणसिंह चौहान, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष दशरथ खटिक, किसान मोर्चा जिला महामंत्री राज रेबारी, ओबीसी मोर्चा नगर अध्यक्ष विजय पंचाल, अनुसूचित जाति मोर्चा जिला महामंत्री यशवंत गवारिया,युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष प्रियंक भासरिया, सिद्धनाथ मंडल युवा मोर्चा अध्यक्ष विकास उपाध्याय, ग्रामीण मंडल युवा मोर्चाअध्यक्ष चिराग मेहता,जनजाति मोर्चा नगर अध्यक्ष वासुदेव आहारी, दिलीप जोशी, पार्षद मंगलेश वाड़ेल, भावेश बुनकर, ओबीसी मोर्चा नगर महामंत्री नरेश सेवक, महिला मोर्चा की भावना जैन सहित पार्टी की कई कार्यकर्ताओ ने उपस्थित होकर धरना एवं ज्ञापन प्रस्तुत किया।

# अलवर में मूक बधिर बालिका के साथ ज्यादती का मामला

## भाजपा ने कलेक्ट्रेट से लेकर पंचायत समिति मुख्यालय तक राज्य सरकार के खिलाफ किये प्रदर्शन, राज्यपाल के नाम सौंपे ज्ञापन

**डूंगरपुर।** अलवर में मूक बधिर बालिका के साथ ज्यादती करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग और राजस्थान में बढ़ रहे महिला अत्याचारों के खिलाफ डूंगरपुर जिले में भाजपा की ओर से धरना-प्रदर्शन किये गए। डूंगरपुर कलेक्ट्रेट सहित सभी पंचायत समिति मुख्यालयों पर भाजपा नेताओ ने राज्य सरकार के खिलाफ धरना देते हुए प्रदर्शन किया और राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौपे।भाजपा के प्रदेशव्यापी आव्हान पर डूंगरपुर जिले में भी भाजपा की ओर से कलेक्ट्रेट सहित सभी पंचायत समिति मुख्यालयों पर अलवर में मूक बधिर बालिका के साथ ज्यादती करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग और राजस्थान में बढ़ रहे महिला अत्याचारों के खिलाफ धरना प्रदर्शन किये गए। इधर जिला मुख्यालय पर भी भाजपा जिलाध्यक्ष




प्रभु पंड्या ओर नगर परिषद सभापति अमृत कलासुआ के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट के बाहर एकत्रित हुए और राजस्थान में बिगड़ रही कानून व्यवस्था के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया। हाथों में तख्तियां लेकर धरने पर बैठे कार्यकर्ताओ ने अलवर में मूक बधिर बालिका के साथ ज्यादती करने वाले हैवानों को गिरफ्तार करने और केस की जांच सीबीआई से करवाने की मांग की । धरने को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष प्रभु पंड्या ने राज्य की गहलोत सरकार पर जमकर निशाना साधा। पंड्या ने कहा कि राजस्थान में कानून व्यवस्था पूरी तरह से बिगड़ चुकी है।

राज्य में खून-खराबे की घटनाओं के साथ महिला अत्याचार तेजी से बढ़े है। अलवर निर्भया कांड पर पंड्या ने कहा कि सरकार अपनी नाकामी छुपाने के लिए तथ्य छुपा रही है और जनता को गुमराह किया जा रहा है। धरना प्रदर्शन के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट के बाहर राज्य सरकार का पुतला जलाया वही अलवर निर्भया केस की जांच सीबीआई को सौपने ओर दोषियों को जल्द गिरफ्तार करने की मांग को लेकर राज्यपाल के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।